# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-01.08.2025**

**विषय:- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त विशाल कुमार को थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0219/2025 धारा 87/137/65(1) व बीएनएस ¾(2) पाक्सो एक्ट थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी से नामजद वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र राकेश गौड़ निवासी औढ़े थाना रोहनियां कमिश्नरेट वाराणसी को दिनांक 01.08.2025 को समय करीब 09.40 बजे औढ़े अण्डर पास के पास थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नाबालिग अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 28.07.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने विपक्षी विशाल द्वारा वादी की नाबालिक पुत्री उम्र 16 वर्ष को बहला-फुसला कर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना रोहनिया में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 विकास मौर्या द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

विशाल पुत्र राकेश गौड़ निवासी औढ़े थाना रोहनियां कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

औढ़े अण्डर पास के पास से, दिनांक 01.08.2025 को समय करीब 09.40 बजे।

**आपराधिक इतिहास-**

मु0अ0सं0 0219/2025 धारा 87/137/65(1) बीएनएस व ¾(2) पाक्सो एक्ट थाना रोहनिया कमि0 वाराणसी

**<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विकास मौर्या थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 नीरज कुमार थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अमरनाथ यादव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।



**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**